कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय, जयपुर।

एसीबी ने वरिष्ठ लिपिक को 1500 रूपये की रिश्वत लेते ट्रैप किया।

जयपुर 12 अप्रैल। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) बारां टीम ने गुरूवार को कार्यवाही करते हुए श्री जितेन्द्र शर्मा वरिष्ठ लिपिक, कार्यालय प्रारंभिक जिला, शिक्षा अधिकारी बारां को 1500 रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफतार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिरीक्षक श्री वी. के. सिंह ने बताया कि परिवादी श्री विनोद कुमार ने एसीबी में यह शिकायत दी की उससे जितेन्द्र शर्मा वरिष्ठ लिपिक कार्यालय, प्रारंभिक शिक्षा बारां, द सनराइज फ्यूचर एकेडमी स्कूल की मान्यता हेतु भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र पर जिला शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर करवाने की एवज में 2500 रूपये की रिश्वत की राशि की माँग कर रहा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बारां श्री राजेन्द्र सिंह गोगावत ने नेतृक उक्त माँग का सत्यापन करवाया गया सत्यापन के दौरान वरिष्ठ लिपिक जितेन्द्र शर्मा ने 1000 रूपये लिये एवं आज ट्रैप कार्यवाही के दौरान वरिष्ठ लिपिक जितेन्द्र शर्मा को 1500 रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफतार किया एवं अग्रीम कार्यवाही जारी है।